## कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले भर के लोगों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर चतुर्वेदी के सामने रखी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के प्राथमिकता से त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मौके पर अपर कलेक्टर रवि राही एवं अपूर्व प्रियेश टोप्पो उपस्थित रहे।



इंदिरा नगर निवासी मीना यादव आज राशन कार्ड की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब हैं एवं मजदूरी कर जीवन-यापन करती हैं, उनके पास मजदूरी के अलावा आय का कोई साधन नहीं है। उन्होंने कलेक्टर चतुर्वेदी से बीपीएल श्रेणी का राशन कार्ड प्रदाय करने का आग्रह किया। इसी प्रकार झोपड़ी पारा, रायगढ़ निवासी वृद्ध दसोदा चौहान आज अंगूठा का निशान नहीं आने के कारण राशन प्रदान नहीं करने की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह उनके परिवार में कोई सदस्य नहीं है। वह अकेली रहती है, उनके नाम पर निराश्रित राशन कार्ड जारी किया गया है परंतु उचित मूल्य दुकान में उनका अंगूठा का निशान नहीं आने के कारण खाद्य सामग्री नहीं मिलने से उन्हें जीवन यापन में काफी समस्या आ रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने वृद्ध की समस्या को देखते हुए तत्काल खाद विभाग को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

कृष्णा नगर निवासी सुनीता कुर्रे एवं आदर्श नगर रायगढ़ निवासी फातिमा बेगम विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके घरेलू उपयोग के लिए विद्युत मीटर लगाए गए है। लेकिन उनके द्वारा उपयोग से अधिक राशि की बिल आ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने सीएसपीडीसीएल को उक्त आवेदनों की जांच करने एवं आवेदन की निराकरण के निर्देश दिए। दीनदयाल कॉलोनी वार्ड नंबर 6 ढिमरापुर निवासी बुधयारिन बाई चौहान काम करने के पश्चात मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह 2021-22 से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में झाड़ू-पोछा का कार्य कर रही थी, लेकिन उन्हें 2025 में कार्य से निकाल दिया गया। इसके साथ ही फरवरी से मार्च तक का मजदूरी राशि भी नहीं दिया गया। मजदूरी की शेष राशि की मांग करने पर टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर चतुर्वेदी से मजदूरी दिलवाने का आग्रह किया। कलेक्टर चतुर्वेदी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को उक्त आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

कयाघाट निवासी गीता चौहान प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे विगत कई वर्षों से कच्चे एवं जर्जर आवास में निवासरत हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण आवास निर्माण करने में असक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने का आग्रह किया। ग्राम बुनगा निवासी घुरुवा लाल साव नोनी सशक्तिकरण योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत उन्होंने आवेदन किया था लेकिन आज पर्यन्त योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने श्रम विभाग को आवेदन की जांच कर योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

ग्राम रेगड़ा के ग्रामवासी पेयजल व्यवस्था की मांग लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि उनके गांव में पेयजल की समस्या हो रही है। जिसमें महावीर चौक विशेष रूप से प्रभावित है, जहां लगभग 50 मकान है लेकिन पेयजल हेतु ग्राम वासियों को काफी दूर से पानी लाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि एकमात्र बोरिंग था जो पूरी तरह से सूख चुका है और इसके अतिरिक्त पेयजल के लिए वहां कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से महावीर चौक के निवासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने ईई पीएचई को तत्काल हैंडपंप को सुधारने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या ना हो। ग्राम पंचायत नवरंगपुर के ग्रामीण आज राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत नवरंगपुर में संचालित राशन दुकान में राशन वितरण में लापरवाही बरती जा रही थी। जिसके संबंध में उन्होंने शिकायत की थी, जिसके पश्चात खाद्य निरीक्षक द्वारा जांच किया गया एवं जांच में अनियमितता पाई गई। इसके पश्चात ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा आने वाले समय में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने एवं माह के 15 तारीख से पहले चावल वितरण करने का पंचनामा तैयार किया गया था परंतु सभी आश्वासन को नजरअंदाज करते हुए पुन: राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने लापरवाही पर उचित कार्यवाही की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर चतुर्वेदी ने एसडीएम को प्राथमिकता के जांच के निर्देश दिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रतिबंधित टेबलेट के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलीबांधा और देवेन्द्र नगर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 454 नग नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंधी शराब घाट पर प्रतिबंधत टेबलेट के साथ आरोपी वरूण संेद्रे 24 वर्ष और प्रवीण केशरवानी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 272 नग नाइट्रोटेन टेबलेट जब्त किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी संजय सूर्यवंशी 32 वर्ष के पास से स्पास्मो प्रोक्सी 1 प्लस टेबलेट 182 नग जब्त किया है। पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चरित्र शंका पर पति ने पत्नी का सिर फोड़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करने वाले पति ने पत्नी का डंडे से सिर फ ोड़ दिया है। जख्मी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जगदीश सोनवानी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें उन्होंने बताया कि उसके दामाद टीकमचंद चतुर्वेदी ने डंडे से मारकर उसकी बेटी का सिर फोड़ दिया। जगदीश ने पुलिस को बताया कि उसकी दामाद टीकमचंद चतुर्वेदी पत्नी के कैरेक्टर को लेकर शक करता है। इसी बात पर आए दिन गाली-गलौज करके मारपीट करता है। 16 मई की सुबह आरोपी ने अपनी पत्नी के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। इस घटना के बाद महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में जगदीश की शिकायत के बाद पुलिस ने दामाद टीकम चंद के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। मामले में आगे की जांच पड़ताल जारी है।

### कार सवारों ने युवक से लूटा बाईक व मोबाईल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के लोधीपारा चौक में आधी रात कुछ कार सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उससे उसकी बाईक तथा मोबाईल फोन लूट लिया और फरार हो गये। मामले में सिविल लाईन थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर प्रिंस कॉलोनी निवासी शुभम जैन अपने दोस्त का जन्मदिन मनाकर अपने 3 पुरुष और दो महिला मित्रो के साथ उन्हें घर छोडऩे जा रहा था। इसी दौरान लोधीपारा चौक के पास अज्ञात इनोवा सवार लोग पहुंचे। युवकों ने उसके सामने अपनी इनोवा कार रोकी और उससे मारपीट की और उसके बाद उसकी बाइक और मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

# जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हुआ समाधान शिविर

- विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। जिसके तहत तीसरे चरण में राज्य में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। जिसके तहत सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज जिले के घरघोड़ा के अम्बेडकर चौक सामुदायिक भवन, धरमजयगढ़ के मंगल भवन नीचेपारा, किरोड़ीमल नगर के प्राथमिक शाला स्कूल रेलवे लाईन पारा एवं खरसिया के नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

घरघोड़ा के अंबेडकर चौक सामुदायिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 4 से 8 के वार्ड वार्डवासी एवं पार्षद शिविर में शामिल हुए। आयोजित शिविर में जानकारी दी गई कि प्रथम चरण में प्राप्त कुल 43 आवेदनों में से 41 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही आयोजित शिविर में मांग, शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए, जिनका यथासंभव निराकरण भी किया गया। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के मंगल भवन नीचेपारा, किरोड़ीमल नगर के प्राथमिक शाला स्कूल रेलवे लाईन पारा एवं खरसिया के नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को जानकारी प्रदान की गई। मौके पर पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

**21 मई को इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर-** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 21 मई को जिले के 02 स्थानों में प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खरसिया के नवागांव एवं धरमजयगढ़ के सिसरिंगा शामिल है।

## शीतलकुंडा के पास एम्बुलेंस और ट्रक की टक्कर: ड्राइवर की मौत, मरीज समेत कई घायल

**मुंगेली । आरएनएस**

मुंगेली 7 छत्तीसगढ़ के मुंगेली-पंडरिया मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। शीतलकुंडा के पास रायपुर की ओर जा रही एम्बुलेंस की आमने-सामने से एक ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि एम्बुलेंस चालक सलीम खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एम्बुलेंस में सवार मरीज समेत अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एम्बुलेंस प्रयागराज से एक मरीज को लेकर रायपुर जा रही थी। शीतलकुंडा मोड़ के पास अचानक सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार सडक़ पर तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग इस हादसे की मुख्य वजह रही। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाया गया और यातायात बहाल किया गया। पुलिस ने मृतक चालक के परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## हिट एंड रन के तीन पीड़ितों को मिली 2-2 लाख की राहत राशि मिली

**रायपुर । आरएनएस**

सडक़ दुर्घटनाओं में तेजी से हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए भारत सरकार के सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है।

राहत राशि के लिए आवेदनकर्ता को प्रथम सूचना रिपोर्ट (स्नढ्ढक्र), मृत्यु प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शव परीक्षण रिपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और दुर्घटना से संबंधित अन्य दस्तावेजों के साथ अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के पास आवेदन करना होता है।

रायपुर जिले में अब तक हिट एंड रन के 40 मामलों में कुल 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। इनमें से तीन पीड़ितों- तिजेश्वरी बाई साहू (रावाभाठा, रायपुर), रगसिल यादव (ग्राम पसौरी, तिल्दा-नेवरा) और अशोक वर्मा (ग्राम निनवा, तिल्दा-नेवरा) को आज दो-दो लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई।

उल्लेखनीय है कि हिट एंड रन की घटनाएं वह होती हैं, जहां कोई अज्ञात वाहन चालक किसी व्यक्ति, वाहन या संपत्ति को टक्कर मारकर बिना रुके, मदद किए या पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है। ऐसे मामलों में पीड़ित या उनके परिजन सरकार से मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत यदि किसी की मृत्यु होती है, तो मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये तथा यदि कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है, तो उसे 50 हजार रुपये की राहत राशि दी जाती है।

## शेयर ट्रेडिंग और निवेश में तगड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में कारोबारी ने गंवाए 2 करोड़ 66 लाख रुपए

**रायपुर । आरएनएस**

राजधानी के एक कारोबारी ने शेयर ट्रेडिंग और निवेश में तगड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में करोड़ों रूपयों का नुकसान करवा लिया। साइबर ठगों ने कपड़ा कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग और निवेश पर तगड़ा मुनाफ ा दिलाने का झांसा देकर करीब 2 करोड़ 66 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई।

मिली जानकारी के अनुसार कारोबारी हेमंत कुमार जैन निवासी महेश कॉलोनी,गुढिय़ारी ने 25 फरवरी 2025 को गूगल पर बीएन राठी सिक्योरिटीज नामक कंपनी का विज्ञापन देखा, जिसमें निवेश पर दोगुना-तिगुना मुनाफे का लालच दिया गया था। वेबसाइट पर क्लिक करते ही उन्हें एक व्हाट्सएप गुरप में जोड़ा गया, जहां अलग-अलग नंबरों से कंपनी के प्रतिनिधियों ने निवेश के लिए प्रेरित किया। जिसके चक्कर मे आकर कारोबारी ने फर्जी वेबसाइट पर भरोसा किया और धीरे-धीरे बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी। बताया जाता है कि 12 मार्च से 30 अप्रैल 2025 के बीच कारोबारी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 2.66 करोड़ रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किए। कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए उनके नाम की आईडी बनाई गई और फर्जी लाभ दिखाया गया। ठगों ने भरोसा जीतने के बाद बार-बार निवेश के लिए उकसाया।

बाद में जब कंपनी के प्रतिनिधियों ने फोन उठाना बंद कर दिया और एक नया व्यक्ति यह कहकर संपर्क में आया कि पहले वाला अस्पताल में भर्ती है, तो कारोबारी को शक हुआ। इसके बाद उसे 12.5 लाख रुपये और निवेश करने पर पांच करोड़ रुपये मिलने का नया झांसा भी दिया गया। जिसके बाद शक होने पर कारोबारी हेमंत जैन हैदराबाद स्थित कथित कंपनी के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि कई लोग इस तरह की ठगी का शिकार हो चुके हैं। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने गुढिय़ारी थाने और साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। जांच में सामने आए खातों में से करीब 12 लाख रुपये होल्ड कराए गए हैं। फिलहाल साइबर पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## महिला पर कुल्हाड़ी से वार : चक्रधरनगर पुलिस ने तत्परता पूर्वक की कार्यवाई, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम लामीदरहा में मंगलवार सुबह एक महिला पर कुल्हाड़ी से हमला किए जाने की घटना सामने आई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 19 मई की रात खाना खाकर घर के आंगन में सो रही महिला पर 20 मई की सुबह करीब 5 बजे गांव के ही एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला को सुबह सूचना मिली कि ग्राम लामीदरहा के पड़वपारा मोहल्ले में एक महिला पर मारपीट की वारदात हुई है। उन्होंने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। जांच में पीड़िता दमयंती चौहान (30 वर्ष) ने बताया कि वह अपने पति मोतीलाल चौहान के साथ रात में घर के आंगन में सोई थी, तभी गांव का विनोद एक्का पुरानी दुश्मनी को लेकर उसके आंगन में घुस आया और "तुम लोगों को मारूंगा" कहते हुए हाथ में पकड़ी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में दमयंती की पीठ पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तुरंत घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसकी चोट को शार्प और हार्ड ऑब्जेक्ट से बना बताया है और एक्स-रे कराने की सलाह दी है।

घटना की पुष्टि के बाद पुलिस ने विनोद एक्का के खिलाफ अपराध क्रमांक 206/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), और 118(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया और उसके पास से वारदात में प्रयुक्त एक छोटा कुल्हाड़ी बरामद कर जब्त किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। महिला की स्थिति सामान्य है, पुलिस घटना के पीछे की रंजिश की विस्तृत जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व पर कार्रवाई में उप निरीक्षक गेंदलाल साहू, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक राजेश सिदार की अहम भूमिका रही है।

## छत्तीसगढ़ में एसीबी और ईओडब्ल्यू की रेड, भिलाई दुर्ग सहित 20 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी : शराब घोटाले में एक बार फिर हो रही जांच

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ मेंएसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 20 से ज्यादा जगहों पर छापा मारा है। दुर्ग भिलाई में 7 से 8 ठिकानों पर सुबह 4 बजे से कार्रवाई जारी है। हर ठिकानों पर एसीबी और ईओडब्ल्यू के 7 से 8 अधिकारी मौजूद है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ जगह अधिकारियों ने दस्तावेज जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग भिलाई में इन ठिकानों परएसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम छापेमार कार्रवाई कर रही है। इनमें एसके केजरीवाल, नेहरू नगर, भिलाई, अशोक अग्रवाल, आम्रपाली अपार्टमेंट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिलाई, एसीबी और ईओडब्ल्यू , विनय अग्रवाल, खुर्सीपार, संजय गोयल, डायरेक्टर, स्पर्श हॉस्पिटल, नेहरू नगर ,

विश्वास गुप्ता, बिल्डर, दुर्ग, बंसी अग्रवाल, नेहरू नगर , आशीष गुप्ता, इंटरनेशनल हॉस्पिटल, नेहरू नगर में छापे की कार्रवाई जारी हें।

लखमा के करीबी माने जाते हैं अग्रवाल

उल्लेखनीय है कि छावनी चौक भिलाई के पास अशोक अग्रवाल की फेब्रीकेशन और अन्य चीजों की फैक्ट्री है। अशोक अग्रवाल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी हैं। इन पर लखमा के साथ मिलकर शराब घोटाले को अंजाम देने का आरोप है।

### महासमुंद में एसीबी का छापा

महासमुंद जिले के सांकरा और बसना मे भी एसीबी का छापा पड़ा है। सांकरा में कैलाश अग्रवाल और बसना में जय भगवान अग्रवाल के यहां छापा पड़ा है। दो गाडिय़ों में 20 सदस्यीय टीम रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है।

### 17 मई को भी हुई थी कार्रवाई

पूरा मामला शराब घोटाला से जुड़ा है, इसकी जांच के लिए टीम कारोबारियों के घर पहुंची है। इससे पहले शनिवार को भीएसीबी और ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई एक साथ कई जिलों में हुई थी।एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने दंतेवाड़ा, सुकमा, अंबिकापुर, जगदलपुर और रायपुर में एक साथ रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU